Title: Need to provide more facilities at Dahod railway station in Gujarat. (Laid on the Table).

श्री बाबूभाई कटारा (दोहद) : गुजरात में दोहद जिले की बहुत समस्यायें रेलवे की हैं जिसके लिए मैंने एवं मेरे क्षेत्र की विविध संस्थाओं ने रेलवे एवं रेल मंत्री को बार बार लिखा लेकिन अभी तक उस पर ध्यान नहीं दिया गया। पश्चिम रेलवे की बहुत सी ट्रेनें दोहद रेलवे स्टेशन से गुजरती हैं लेकिन वहां रूकती नहीं, सिर्फ एक ही ट्रेन रूकती है। वहां सभी ट्रेनों का हाल्ट होना चाहिए। रिज़र्वेशन कोटा बढ़ाना चाहिए। कम्प्यूटीकरण करना चाहिए। इसके बगैर बहुत परेशानी है। इसके लिए उच्च स्तरीय रेलवे अधिकारियों का एक दल दोहद भेजना चाहिए ताकि सब समस्या बातचीत करके एवं समझ कर निराकरण हो सके।